वर्ष-01, अंक-159
छपरा
बुधवार 10 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# गया में तेजस्वी की लगातार दूसरी चुनावी सभा

### मुकेश सहनी के साथ NDA और सीएम नीतीश पर साधा निशाना, कहा- देश में लोकतंत्र नहीं है, राजतंत्र आ चुका है

**गया,एजेन्सी।** गया लोकसभा क्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी के सभा से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव की दूसरी चुनावी सभा हुई। पहले दिन गया में एनडीए के गढ़ बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर प्रखंड से चुनावी सभा कर पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर बरसे थे। वहीं मंगलवार दोपहर बाद जिले के चाकंद प्रखंड के चाकंद हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी यादव और उनके साथ सन ऑफ़ मल्लाह मुकेश सहनी ने चुनावी सभा में हुंकार भरी।

खास बात यह भी है कि तेजस्वी यादव गया लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत कुमार की जीत सुनिश्चित कराने के लिए दूसरे दिन भी चुनावी सभा की। कुमार सर्वजीत बोधगया विधानसभा क्षेत्र से राजद के विधायक भी हैं। इससे पहले तेजस्वी सोमवार को मोहनपुर प्रखंड के इटवा विहिया में चुनावी सभा को संबोधित किया था। मंगलवार को बाहुबली कहे जाने वाले विधायक डा. सुरेंद्र यादव के विधानसभा क्षेत्र बेलागंज के चाकन्द प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी और मुकेश साहनी सभा को संबोधित किया।




#### सिर्फ चुनाव के समय में मोदी आएंगे

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि जिनके पिता एक समाजवादी नेता थे उनके बेटे कुमार सर्वजीत को टिकट दिया है। एनडीए ने अपना प्रत्याशी जो उतारा है। वह पहले हमारे साथ में थे। अभी एनडीए ने प्रत्याशी बनाया है। 10 साल से मोदी पीएम है। शिक्षा ,गरीबी,महंगाई कम,बेरोजगारी दूर, पलायन रुकी है। गया के लिए सवाल पूछने आए हैं। आपके जिला,गांव के लिए मोदी ने क्या किया है। 5 साल में सिर्फ चुनाव के समय में मोदी आएंगे। मोदी कहते हैं, देश का चुनाव है, लेकिन हम कहते है गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला, प्रदेश विकास नहीं करेगा तो देश कैसे विकास करेगा।

**देश में लोकतंत्र नहीं है, राजतंत्र आ चुका है :** गया लोकसभा क्षेत्र के बेलागंज प्रखंड के चाकंद हाई स्कूल में पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह 2024 का आम चुनाव है, लेकिन यह खास चुनाव है समझने की आवश्यकता है। देश संकट से गुजर रहा है। युवा रोजगार की जगह घर में बैठा है। युवाओं को पीछे धकेलने का काम किया जा रहा है। पूर्वजों ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी उसके बाद देश आजाद हुआ। सही मायने में अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। 5 किलो चावल में विकास आ गया है। राज्य और देश में लोकतंत्र नहीं है, राजतंत्र आ चुका है। दो-दो सीएम को मोदी ने जेल में डाल चुका है। संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। अच्छे दिन लाने का मोदी ने नारा दिया था उसी झांसे में आ गए। आज हिटलर बने हैं। किसानों की आमदनी दोगुना, युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। 2020 में हमने 4 विधायक बनाया, बिना समर्थन के नीतीश कुमार सीएम नहीं बनते। एक षड्यंत्र के तहत विधायकों को खरीदकर हमे रोड पर ला दिया है। बिहार के सभी 40 सीट हरा कर दिखाएंगे यह गारंटी है। मुकेश सहनी को फ्लावर समझा था, लेकिन फायर है पुष्पा वाला।

## गया में मांझी और समधन ज्योति का जबरदस्त विरोध

### ग्रामीणों ने लगाए मुर्दाबाद के नारे, कहा- यहां रोड नहीं है, पहले सड़क बनाइए फिर वोट मिलेगा

**गया,एजेन्सी।** गया में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ रहा है। मांझी आज चुनावी प्रचार को लेकर बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों का दौरा कर रहे थे। इस दौरान मांझी मोहनपुर के डंगरा गांव पहुंचे। मांझी के साथ उनकी समधन और बाराचट्टी विधायिका ज्योति मांझी भी साथ थी। उनके पहुंचते पही ग्रामीणों ने मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। ग्रामीणों का विरोध देखकर मांझी नाराज हो गए और ग्रामीणों से मांझी उलझने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि ज्योती मांझी चुनाव जीतने के बाद एक बार भी क्षेत्र में नहीं आई हैं। यहां रोड नहीं है, पहले सड़क बनाइए फिर वोट मिलेगा। इसके बाद मांझी आग बबूला हो गए उन्होंने कहा कि जाइए रोड नहीं बनेगा।

#### पहले रोड, तभी वोट

इस मामले में केवल पंचायत के मुखिया अरविंद यादव ने बताया कि ह्रष्ठ प्रत्याशी जीतन राम मांझी चुनावी प्रचार को लेकर बाराचट्टी विधानसभा के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत डंगरा बाजार गए हुए थे। मांझी के साथ उनकी समधन और हम पार्टी से बाराचट्टी की विधायक ज्योति मांझी भी साथ थी। इस दौरान जैसे ही जीतन राम मांझी और ज्योति मांझी डांगरा बाजार पहुंचे, तो व्यावसायिक संघ और ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र में ज्योति मांझी चुनाव जीतने के बाद कभी नहीं आई। यहां रोड नहीं है, पहले रोड बनेगा तभी वोट पड़ेगा। इतना सुनते ही ग्रामीणों ने जीतन राम मांझी और ज्योति मांझी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद दोनों वहां से निकल गए।

लोकसभा चुनाव-2024

## कांग्रेस की 14वीं लिस्ट, आंध्र के 6 उम्मीदवार, अब तक 246 कैंडिडेट्स उतारे

### हेमामालिनी टिप्पणी मामले में सुरजेवाला को EC का नोटिस

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** कांग्रेस ने मंगलवार 9 अप्रैल को 14वीं लिस्ट जारी की। इसमें 6 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। इनमें विशाखापट्टनम से पुलुसुसत्यनारायण रेड्डी, अनाकापल्ले से वेंगी वेंकटेश, एलूरु से लावण्या कावुरी, नरसरावपेट से गारनेपुडी अलेक्जेंडर सुधाकर, नेल्लोर से कोप्पुला राजू और तिरुपति- डॉ. चिंता मोहन को टिकट दिया गया है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 246 कैंडिडेट की घोषणा कर चुकी है।इससे पहले चुनाव आयोग (EC) ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को नोटिस जारी किया। श्वष्ट ने सुरजेवाला से 11 अप्रैल को शाम 5 बजे तक जवाब देने को कहा है। सुरजेवाला ने हाल ही में भाजपा नेता और मथुरा से कैंडिडेट हेमा मालिनी पर टिप्पणी की थी।

EC ने कांग्रेस अध्यक्ष से भी एक्शन लेने की मांग की है। साथ ही ये भी कहा कि पार्टी नेता सभाओं या सार्वजनिक रूप से बयान देते समय महिलाओं को लेकर असभ्य टिप्पणी न करें। चुनाव प्रचार के दौरान किसी को भी महिलाओं को लेकर अपमानजनक भाषा इस्तेमाल करने




की अनुमति नहीं है।

इससे पहले सुरजेवाला ने X पर लिखा था- पूरा वीडियो सुनिए। मैंने कहा था कि हम तो हेमा मालिनी का भी बहुत सम्मान करते हैं, क्योंकि उन्होंने धर्मेंद्र से शादी की है। वे हमारी बहू हैं। वीडियो एडिट कर चलाया गया है। भाजपा ने कई बार महिला नेताओं का अपमान करते हुए अभद्र टिप्पणी की है। भाजपा खुद महिला-विरोधी है, इसलिए वो हर कुछ महिला-विरोध के चश्मे से देखती-समझती है और अपनी सहूलियत के अनुसार झूठ फैलाती है।

## छत्तीसगढ़ में बस खाई में गिरी, 13 की मौत

### 13 घायल, 7 की हालत गंभीर; भिलाई की केडिया डिस्टलरी से लौट रहे थे कर्मचारी

**रायपुर,एजेन्सी।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-दुर्ग रोड पर मंगलवार रात कर्मचारियों से भरी बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हैं। इनमें 7 की हालत गंभीर है। मृतकों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बस से घायलों को बाहर निकाल लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसा कुम्हारी में खपरी रोड पर मुरुम खदान में हुआ है। केडिया डिस्टलरी के कर्मचारी प्लांट से बस में सवार होकर लौट रहे थे। हादसे के दौरान बस में 40 लोग सवार थे। घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। टॉर्च और मोबाइल के फ्लैश लाइट से रेस्क्यू किया गया।




## हाईकोर्ट ने कहा-शराब नीति केस में केजरीवाल की गिरफ्तारी सही

### ED ने कानून का पालन किया, उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और क्क्कैंडिडेट के बयान

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार (9 अप्रैल) को शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड को सही ठहराया। हाईकोर्ट ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए पैसा भेजा गया था। हाईकोर्ट ने फैसले में सीएम को रिमांड में भेजने का फैसला भी बरकरार रखा है। AAP इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमें संवैधानिक नैतिकता की फिक्र है, ना कि राजनीतिक नैतिकता की। मौजूदा केस केंद्र और केजरीवाल के बीच नहीं है। यह केस केजरीवाल और ED के बीच है। हाईकोर्ट ने कहा कि ED ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और AAP कैंडिडेट के बयान हैं। हाईकोर्ट का फैसला-शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। श्वष्ठ की गिरफ्तारी की कार्रवाई सही। केजरीवाल की दलील- ED के पास कोई सबूत नहीं हैं कि केजरीवाल मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल थे। यह कहना कि दिल्ली के मुख्यमंत्री हवाला ट्रांजैक्शंस कर रहे होंगे, यह हास्यास्पद है।



## स्काईमेट का अनुमान- इस साल सामान्य मानसून



### राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 23 राज्यों में अच्छी बारिश होगी, बिहार सहित 4 राज्यों में कम बारिश

**नई दिल्ली/ भोपाल/ रायपुर,एजेन्सी।** वेदर एजेंसी स्काईमेट ने मंगलवार को बताया कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में औसत या सामान्य बारिश होगी। मौसम विभाग (IMD) 96 से 104 फीसदी के बीच बारिश को औसत या सामान्य मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है। हालांकि ढ्ढरूष्ठ ने इस साल के लिए मानसून की भविष्यवाणी अब तक जारी नहीं की है। एजेंसी मई में इसे जारी कर सकती है।

23 राज्यों में बहुत अच्छी बारिश का अनुमान- राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, लक्षद्वीप।

4 राज्यों में कम बारिश संभव- बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जुलाई और अगस्त के दौरान। इसके बाद सामान्य बारिश होगी।

**8 राज्यों में सामान्य से कम बारिश की संभावना-** असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में जून और जुलाई के दौरान। इसके बाद सामान्य बारिश।

## बस की डिक्की से शराब जब्त

### हजारीबाग से आ रही थी पटना, पुलिस को देख चालक और खलासी फरार

**पटना,एजेन्सी।** पटना के रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस ने हजारों रुपए के विदेशी शराब एक निजी बस के डिक्की से बरामद किया है। इस मामले में बस के ड्राइवर और खलासी पुलिस की नजर से भाग निकलने में सफल हो गया। पुलिस अब बस के मालिक का पता लगाने में जुट गई है। पटना के राम कृष्ण नगर थाना क्षेत्र के एक जगह पर एक बस जिसका नंबर BR01PC/ 2642 बताया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस बस से बड़े पैमाने पर शराब की होम डिलीवरी करने की योजना है। सूचना मिलते ही राम कृष्ण नगर थाने की पुलिस और मध निषेध विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी कर बस के डिक्की में रखे गए लाखों रुपए की विदेशी शराब को जब्त कर लिया है।



# भाजपा प्रत्याशी रुडी का जनसंपर्क अभियान के दौरान फूल मालाओं के साथ हुआ स्वागत

## सारण में 36 हजार करोड़ की योजनाओं का आने वाले दिनों में दिखेगा लाभ- रूडी



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रधानमंत्री की उत्प्रेरणा से एनडीए के सभी प्रत्याशी नई ऊर्जा के साथ अपने क्षेत्र के चुनाव प्रचार में जुटे हैं। निवर्तमान सांसद और स्थानीय भाजपा प्रत्याशी रुडी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के गारंटी वाले नारे से अपने को ऊर्जान्वित महसूस कर रहा हूँ। हालांकि दशकों से राजनीति में रहते हुए मैं जन सेवा कर रहा हूँ। कई चुनाव प्रचार करने का अवसर मिला। लेकिन इस बार के चुनाव अभियान में मैं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई स्फूर्ति महसूस कर रहा हूँ। यह स्फूर्ति लोकोपयोगी योजनाओं की नरेंद्र मोदी जी की गारंटी से मिला है। उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार बतौर प्रधानमंत्री वे देशवासियों के लिए लोकोपयोगी योजनाओं की गारंटी दे रहे हैं उसी तरीके से प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भी निवर्तमान सांसद या प्रत्याशी को अपनी गारंटी सुनिश्चित करनी चाहिए।

यही कारण है कि जिस प्रकार देश भर में मोदी की गारंटी है उसी प्रकार सारण में रूडी की गारंटी है। रुडी ने मंगलवार को मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी रुडी ने कहा की बीते दस वर्षों में जिस प्रकार पीएम मोदी ने राष्ट्र निर्माण की नींव तैयार की है उसी प्रकार सारण में भी विकास की नींव तैयार है जिस पर इमारत अब बनेगी। इमारत भव्य बने इसके लिए हर व्यक्ति को इस चुनाव रूपी महायज्ञ में भाग लेकर कमल रूपी वोट के रूप में आहुति देनी है। रुडी मझवलिया, सिसवां तिनमुहानी, रामपुर, मोथहां, नरहरपुर मठियां, नरहपुर चमारी मठियां, शारदा राय के टोला, हथिसार, गौरा बाजार, विशुनपुरा, सलिमापुर, नेथुआं, अंवारी, असांव, सेमरहियां, मढ़ौरा अम्बेडकर चौक पकहां आदि गाँवों का दौरा कर लोगों से मिले व 10 साल की उपलब्धियों पर चर्चा की।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दौरे के क्रम में मतदाताओं का एनडीए के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। दौरे के क्रम में जहां भी जा रहे हैं उन्हें मोदी सरकार के उपलब्धियों को बताने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। बल्कि वे खुद सरकार की उपलब्धियां गिनाने लगते हैं। आने वाले समय में भाजपा एनडीए गठबंधन 400 के पार पहुंचेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। कहा कि इसके लिए यहां के कार्यकर्ताओं ने भी कमर कस ली है। जनसंपर्क के दौरान सांसद के अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, मीणा अरुण, राकेश सिंह, शम्भु प्रसाद सिंह, डॉ रामबाबू सिंह, मुकेश सिंह, आर्य सुमन्त, जदयू के जिलाध्यक्ष अल्ताफ राजू, हरेन्द्र सिंह, नागेन्द्र राय, शैलेश राय मुखिया और मुन्ना सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमदभागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर का समापन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** भेल्दी के तकया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा व योग विज्ञान शिविर मंगलवार को संपन्न हो गई।श्रीमद्भागवत कथा के समापन के हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।श्रीमद्भागवत कथा व योग शिविर का आयोजन अध्यक्ष पूर्व मुखिया रमेश राय,सचिव भरत सिंह समाजसेवी मुंद्रिका प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। श्रीमद्भागवत कथा व योग विज्ञान शिविर का संत गोविंद जी महाराज द्वारा चल रहे नौ दिवस तक चली श्रीमद्भागवत में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई।उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा।संत गोविंद जी महाराज ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है।व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं।यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं।इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं।विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक सन्त श्री गोविंद जी महाराज ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं।हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है।मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है।कथा समापन के दिन मंगलवार को विधिविधान से पूजा करवाई।

## एकमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** ईद-उल-फितर, रामनवमी व चैती छठ व्रत को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर एकमा थाना परिसर में मंगलवार की संध्या में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए एकमा बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर, सीओ राहुल शंकर व पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष उदय कुमार ने ईद-उल-फितर, रामनवमी व चैती छठ को मिलजुल कर आपसी भाईचारा, शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में शामिल विभिन्न समुदाय के लोगों से ईदगाहों व मस्जिदों में होने वाली ईद की नमाज के स्थलों के बारे में जानकारी दी गई।चैती छठ आयोजित होने वाले छठ घाटों की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व नदी, तालाब, नहरों व सरोवरों में जल की भौतिक स्थिति का आकलन किया गया। वहीं छठ घाटों पर अर्घ्य अर्पण हेतु कृत्रिम तरीके से जल भरवाने की व्यवस्था कराने हेतु रोगों से आवश्यक विचार विमर्श किया गया।वहीं रामनवमी के दौरान संभावित स्थलों पर जुलूस व शोभायात्रा निकाली जाने वाली समितियों की जानकारी ली गई। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ईद, चैती छठ पूजा व रामनवमी के आयोजन समितियों व समाज के सभी वर्गों के लोगों का साकारात्मक सहयोग अपेक्षित है।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि जुलूस व शोभायात्रा निकालने के लिए आयोजन समितियों को लाइसेंस का लेना अनिवार्य होगा। इस दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अश्लील व भड़काऊ गीतों को बजाने पर आयोजन समितियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों की विशेष साइबर सेल के द्वारा निगरानी की जा रही है।वहीं आदर्श चुनाव आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन करना सभी के लिए अनिवार्य होगा।बैठक में बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर, सीओ राहुल शंकर, थानाध्यक्ष उदय कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, कमल कुमार सिंह, कामरेड अरुण कुमार, चैतेंद्र नाथ सिंह, योगेन्द्र शर्मा, सुरेश राय, जितेन्द्र सिंह, बलिराम ठाकुर, पवन कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, मोलाजिम अंसारी, रंजन सिंह, श्रीभगवान राय, विनय कुमार शर्मा, नागेंद्र कुमार यादव, अशोक मांझी आदि अन्य क्षेत्र के विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए।

## शिक्षक अभिभावक संगोष्टी का हुआ आयोजन

### विद्यालय में आयोजित किया गया दीक्षांत समारोह, झूम उठे छात्र



**दैनिक खोज खबर/परसा। (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनकेरवा भाव परसा के सेमिनार हॉल में वार्षिक मूल्यांकन 2024 शिक्षक अभिभावक संगोष्टी सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक किया गया।बीआरपी अवधेश कुमार सिंह की उपस्थिति में प्राचार्य कमलतोष कुमार,राकेश रंजन,श्यामसुंदर सिंह, बलराम सिंह,निशी कुमारी,साक्षी कुमारी ने संयुक्त रूप से उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया।इस दौरान प्राचार्य कमलतोष कुमार ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा जागृत करने में शिक्षकों के साथ उनके माता- पिता की भूमिका भी अहम है।उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता व शिक्षा विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।इसके पहले वार्षिक परीक्षा 2024 में अव्वल आए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।वही प्रगति पत्र पाकर विद्यालय के छात्र उत्साहित दिखे।

## मांझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** रामनवमी एवम ईद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से मंगलवार को मांझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हो गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल लोगों ने अलग अलग गाँवों तथा हाट बाजार पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी तथा अमन चैन बहाल रखने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि माँझी के सभी ईदगाह अथवा नमाज स्थलों पर दस अप्रैल की रात से ही पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ समुचित पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामनवमी जुलूस के आगे तथा पीछे पुलिस पदाधिकारियों के अलावा समुचित पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रामनवमी जुलूस के आयोजक पुलिस से समन्वय बनाकर जुलूस का संचालन करेंगे। थानाध्यक्ष ने लोगों से अफवाह से सावधान रहने तथा डीजे से परहेज रखने की अपील की। बैठक में उमाशंकर ओझा,अख्तर अली,विनय यादव,साधु दुबे,मंजूर अली खान,कृष्णा सिंह पहलवान,मुन्ना साह ।मुखिया। हसनुद्दीन खान एवम एएसआई नसीम खान आदि बड़ी संख्या में गणमान्य शामिल थे।

## विश्व कल्याण को लेकर सुंदर कांड का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** विश्व शांति व जन कल्याण के उद्देश्य से नगर पंचायत परसा बाजार अंतर्गत वार्ड न.छ के वार्ड पार्षद सुधांशु कुमार उर्फ खट्टू के आवास पर हनुमान आराधना सह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।आचार्य पंडित प्रभुनाथ उपाध्याय ने जजमान वार्ड पार्षद सुधांशु कुमार व समाजसेविका कुसुम देवी से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा पाठ संपन्न कराई ।इस दौरान सुंदर काण्ड पाठ वाचन व भगवान हनुमान के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय सा हो गया।इस अवसर पर आचार्य प्रभुनाथ उपाध्याय ने कहा कि सुंदरकाण्ड पाठ का श्रवण करने से मनुष्य का गलत कार्यों से भटकने और भक्ति कार्य में रुचि लेने की शक्ति मिलती है । वही वार्ड पार्षद सुधांशु कुमार खट्टू ने हनुमान आराधना व सुंदरकाण्ड पाठ के माध्यम से समाज में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी।इस अवसर पर दर्जनों जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान**

## सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की हुई एएनसी की जांच



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित ओपीडी सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इसमें सभी गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की आवश्यक रूप से स्वास्थ्य परीक्षण एवं एएनसी जांच की गई। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि एएनसी के दौरान गर्भवती महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर, एचआईवी एवं मलेरिया से बचाव को लेकर जांच की गई। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनसी कराने के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार लेने के लिए विशेष रूप से सलाह दी गयी। इसके लिए उन्हें हरी सब्जियां, ताजे फल एवं नियमित तौर से आयरन की गोली खाने के लिए जागरूक किया गया। वहीं जिले के चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को बताया गया कि समय से संतुलित आहार एवं अपने भोज्य पदार्थ में विटामिन्स को आवश्यक रूप से शामिल करें। तेल, घी या अन्य मसालेदार खाने से परहेज करें। अगर किसी कारणवश बुखार हो जाए तो बिना घबराए चिकित्सकों से सम्पर्क करना चाहिए। संतुलित आहार के साथ गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन हल्का व्यायाम जरूर करना चाहिए ताकि गर्भवती महिलाएं तनाव से दूर रह सकें।

## पहलेजा पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान चलाकर वाहन चालकों पर लगाया जुर्माना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** पहलेजा पुलिस ने एक शराब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने सोमवार को बताया कि खरिका में संतोष कुमार चौधरी पिता स्वर्गीय काशीनाथ चौधरी जो शराब पीकर घर में हो हंगामा कर रहा था जहां पुलिस को सूचना घर के परिजनों दे दी । सूचना मिलते ही पहलेजा पुलिस ने पहुँच कर शराबी को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार शराबी को छपरा जेल भेज दिया गया है। वही दूसरी ओर थाना क्षेत्र के जेपी सेतु सड़क मार्ग के चेक पोस्ट,बजरंग चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वैसे वाहन चालक जिन्होंने वाहन अधिनियम के दुरुपयोग करते हुए वाहन का परिचालन कर रहा था वैसे वाहन चालकों पर कुल ?5000 के जुर्माना लगाया गया है। वाहन चेकिंग अभियान के खबर सुनते ही अन्य वाहन चालक रूट बदल बदल कर अपने गंतव्य स्थान को हुआ रावाना । अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान अनवरत चलती रहेगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सोनपुर और मढ़ौरा डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मगंलवार को लोक सभा आम चुनाव के निमित्त मतदान कर्मियों के पार्टी मिलान और इवीएम डिस्पैच की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए । इस बात का खास ख्याल रखें कि कर्मियों को किसी किस्म की कोई परेशानी नहीं हो। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को डिस्पैच केंद्रों पर तैयारी का मुआयना करते हुए कहीं।उन्होंने इस क्रम में सोनपुर के रेल ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अनकमीशंड इवीएम के भंडारण, कमिशनिंग की जगह, डिस्पैच काउंटर का स्थान, वाहन लगाने की जगह, ट्रैफिक व्यवस्था, लॉ ऐंड ऑर्डर नियंत्रण, सुरक्षा बल के ठहराव आदि का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सोनपुर रेल डिविजन के डीसीएम अमृतेश कुमार, डीइएन मुख्यालय रवीन्द्र कुमार राज, एडीएमई आशीष कुमार, एईएन लैंड हरगोविंद राय से वार्ता की। डीएम श्री समीर ने कहा कि कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या होनी चाहिए। पार्टी मिलान, इवीएम प्राप्ति और वाहन की उपलब्धता की अचूक व्यवस्था रहनी चाहिए। साथ में उपस्थित एसपी डॉ0 गौरव मंगला ने सुरक्षा और ट्रैफिक के दृष्टिकोण से संबंधित अधिकारियों को विस्तार से निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में मढ़ौरा आईटीआई अवस्थित डिस्पैच सेंटर की तैयारी का जायजा भी लिया गया।

इस अवसर पर डीडीसी प्रियंका रानी, नगर आयुक्त सुमित कुमार, सोनपुर एसडीएम कुमार निशांत विवेक, मढ़ौरा एसडीएम प्रेरणा सिंह, निदेशक डीआरडीए कैयूम अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, कोषागार पदाधिकारी कुमार विजय प्रताप सिंह, एसडीओ भवन निर्माण श्री श्रीराम पासवान, एसडीपीओ सोनपुर नवल किशोर, एसडीपीओ मढ़ौरा नरेश पासवान, डीसीएलआर सोनपुर रश्मि कुमारी, डीसीएलआर मढ़ौरा मनोहर साहु, बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष आदि शामिल थे।





## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाल विकास परियोजना के कर्मियों को दिलाई गई शपथ

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को उनके मत के अधिकार व महत्व के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोनपुर नमामि गंगे घाट पर बाल विकास परियोजना के कर्मियों के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर ने संयुक्त रूप से अनुमंडल क्षेत्र के दिघवारा, दरियापुर, सोनपुर के बाल विकास परियोजना के सीडीपीओ, पर्यवेक्षिका, कर्मियों, आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका, सहायिकाओं को मतदान के प्रति जागरूक रहने और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान करने के लिए मंगलवार को शपथ दिलाई ।एसडीओ ने कहा कि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान केंद्र पर पहुँच कर अपना मतदान जरूर करे । मतदान करना हर किसी का अधिकार होता है। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है । आपका एकमत से बेहतर जनप्रतिनिधि और सरकार चुनी जाती है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत तख्ती पर लिखी स्लोगन व वैलुन को हाथ में लेकर मतदान के प्रति जागरूक कर रही थी । इस मौके पर सोनपुर बीडीओ ओरमा मोदी,एमओ सौम्या सिंह ,सोनपुर सीडीपीओ श्वेता कुमारी दिघवारा सीडीपीओ सवाना करफी,दरियापुर सीडीपीओ अंजू सिंह, महिला पर्यवेक्षिका आर्य सिंह,,शोभा रानी,प्रतिमा तिवारी,कहकशा रौशन,रीता कुमारी ,कार्यालय कर्मी अविनाश कुणाल,अभय कुमार, बिजेंद्र जी,शक्ति सिंह सहित भारी संख्या में कर्मियों ने शपथ ली ।

## विद्युत करंट से किशोर की मौत,कोहराम

**परसा(सारण)।** परसा के परसौना गांव में निर्माणाधीन घर में मजदूरी करने गए किशोर की विद्युत करंट से मौत होने की खबर मिलते ही स्वजनों के रोदन क्रंदन से कोहराम मच गया ।मृतक परसा थाना क्षेत्र के बहलोलपुर दियारा निवासी बबन मांझी का 16 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार बताया गया है।जो दो भाइयों में बड़ा था ।स्वजन के अनुसार सन्नी परसौना गांव में किसी के निर्मानाधीन घर में मजदूरी करने गया था ।जहा नंगे विद्युत तार के संपर्क में आ गया।और वह अचेत हो गिर पड़ा । ग्रामीणों ने आनन फानन में उसे सीएचसी परसा लाए जहा चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया । सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया ।इधर घटना को लेकर पिता बबन मांझी, मा श्यामसुंदर देवी,भाई सनोज कुमार,बहन पूजा कुमारी,निशा कुमारी ,गुंजन कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है ।

## देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** परसा पुलिस ने हाई स्कूल चौक समीप से तीस लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि तीस लीटर देशी शराब के साथ सोनपुर सबलपुर निवासी ज्वाला राय का पुत्र रौशन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

## पचपतरा मंदिर में चैत्र नवरात्रि प्रारंभ



**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के पचपतरा स्थित पचपतरा वनदेवी माता के मंदिर में मंगलवार से संत श्रीधर दास जी महाराज के शिष्य मुरारी स्वामी द्वारा नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र प्रारंभ हुई।जिसमें विश्व कल्याणार्थ के उद्देश्य से माता नौ स्वरूपों की पूजन कलश स्थापना के साथ प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजन की गई। इस दौरान आसपास के सभी गांव से महिलाएं पुरुष सैकड़ो श्रद्धालु मंदिर में पूजन हेतु पहुंचकर अपने घर परिवार के खुशहाली की मंगलकामना की। गणेश प्रसाद का पूजन में विशेष सहयोग रहा महंत दुगरन दास, विजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।बता दे माता के दरबार में सोमवार शुक्रवार नवरात्रि में दूर दूर से लोग पहुंचते है।

## सोनपुर पुलिस ने पांच देसी शराब भट्टी को किया ध्वस्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के रहीमपुर के डोमवा घाट गंगा दियरा क्षेत्र में थानाध्यक्ष राजनंदन के नेतृत्व में छापामारी की गई जहां छापामारी के दौरान देसी शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए देसी शराब को बरामद किया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने मंगलवार को बताया कि डोमवा घाट रहीमपुर के गंगा दियरा क्षेत्र में छापामारी की गई जहां पांच देसी शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए मौके पर 5000 अर्ध निर्मित शराब व बनाने वाले समाग्री को भी विनिष्ट करते हुए मौके पर 240 लीटर देसी शराब को जप्त कर लिया गया है। पुलिस के देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहा। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जिन 5 शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया है उनके संचालन करने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए उस पर कार्रवाई की जाएगी ।

## रामनवमी व ईद को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** आगामी पर्व ईद उल फितर,रामनवमी तथा चैती छठ पूजा को लेकर दिघवारा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ अजित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्र के कई प्रबुद्ध लोगो ने हिस्सा लिया।बैठक में श्री कुमार ने आगामी सभी पर्व को सौहार्दपूर्ण तथा आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि रामनवमी पर डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।वही उन्होंने कहा कि किसी भी रामनवमी जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।मौके पर अंचलाधिकारी मिठू प्रसाद,कार्यपालक पदाधिकारी आर बी दास, मनरेगा पीओ विनोद कुमार सिंह,एसआई रविरंजन कुमार,अशोक सिंह, जनार्दन सिंह चौहान,उपेंद्र राय, मंसूर आलम,अनिल सिंह,गोपाल जी सिंह,संतोष राय,महाराज शरण,ब्रजेश सिंह,तनुज सौरभ,युगल किशोर,दीपक गुप्ता,अमरेंद्र चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## विद्युत चोरी करने के आरोप में हरिहरनाथ थाना में हुआ एफआईआर दर्ज

**दैनिक खोज खबर /सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत के अंग्रेजी बाजार कुम्हार टोली निवासी स्वर्गीय बिंदेश्वर पंडित के पुत्र गोपीचंद पंडित ने बिजली चोरी से जलने के कारण उस पर हरिहरनाथ थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज विद्युत विभाग के कर्मी ने दर्ज कराई है ।इस बात की जानकारी देते हुए विद्युत विभाग जेई सूरज कुमार ने सोमवार को बताया कि कुम्हार टोली में गोपीचंद पंडित जो मैन सर्विस वायर के मीटर तार को टैपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर विद्युत का उपयोग चोरी से कर रहा था जिसे विभाग के कर्मचारी विकास कुमार ,राम बच्चन कुमार, तेजस्वी कुमार, बबन कुमार ने छापामारी कर विद्युत चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा ।

# सोनपुर के झौआ गांव में तैयार होता है छठ के लिए आरता पात

## झौआ गांव के लोगों की पहचान दिलाता हैं छठ व्रत में उपयोग होने वाले आरता पात

**संजीत कुमार/दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के झौआ गांव का नाम चैत और कार्तिक छठ आरता के साथ हर की जुबान पर गुनगुनाने लगता है। इसका कारण है कि यहां एक गांव है जहां छठ में लाल महावर का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है और इसका सप्लाई विभिन्नसारण, बैशाली, मुजफ्फरपुर, पटना सहित अन्य जिलों में किया जाता है इतना ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यो में निर्मित आरता पात के सप्लाई किया जाता है। यह गांव सारण जिला मुख्यालय छपरा शहर से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है।छठ पर्व में लाल रंग वाले अर्थपात का उपयोग सूर्य देव के अर्ध देने के लिए किया जाता है ।पिछले करीब 100 वर्षों से पीठी दर पीढ़ी झौआ गांव में पवित्रता के साथ आरता का निर्माण कुशल कारिगर के द्वारा किया जाता है ।आरता के निर्माण के कारण इस गांव की एक अलग पहचान बन गई है। आरता पात के व्यापारी झौआ गांव में आकर थोक भाव में आरता खरीद कर ले जाते हैं तथा अपने माध्यम से बिहार और झारखंड राज्य सहित अन्य राज्यों तक इसकी बिक्री करते हैं।



झौआ ग्राम वासी चैत के 3 माह पूर्व तथा कार्तिक के 5 महा पूर्व से आरता पात का निर्माण करना शुरू कर देते हैं। इसका निर्माण हिंदू तथा मुसलमान परिवार के बच्चे से लेकर बृद्ध सदस्य द्वारा किया जाता है ।इसके निर्माता रमाकांत सहित अन्य लोगों बताते हैं कि आरता तो बहुत छोटी चीज है लेकिन इसके निर्माण में सजकता रखना पड़ता है ।पहले अकवन की रुई खरीद कर मशीन में बड़ी सावधानी पूर्वक धुनाई कर मैदा में मिलाकर रंग का गोल बनाया जाता है फिर सबको मिलकर उबालना तथा मिट्टी के बर्तन में रूई को गोल आकार देते हुए रंग डालना पड़ता है ।झौआ गांव के अधिकांश लोग इस धंधे में लगे रहते हैं । चैती छठ तथा कार्तिक छठ के पहले गांव हर घर के आगे खेतों तथा उसकी पगडंडियों पर झुरमुंडो में बिछे लाल पत्ते बड़े जतन से सुखाए जाते हैं इसके निर्माण के लिए अब मशीन भी आ गया है। इससे समय की बचत होती है । झौआ गांव के युवा पीढ़ी इस कला निर्माण के प्रति विशेष रुचि नहीं ले रहे हैं। कहते हैं कि अपने पूर्वजों को देखते आ रहा हूं काफी परिश्रम कर लाल महावर बनाते हैं लेकिन परिश्रम और लागत के अनुसार आर्थिक आय प्राप्त नहीं होता है । परिणाम स्वरूप इस धंधा में लगे लोग आज भी आर्थिक तंगी से तवाह है।यह धंधा गृह उधोग है जरूरत है आरता पात निर्माण के लिए सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग करने की। आरता पात के निर्माण करते हुए इन गाँव के लोगो के लिए जीवकोपार्जन के लिए यह महत्वपूर्ण धंधा है ।

## रमजान पर दावत-ए-इफ्तार का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर /मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के जजौली पंचायत के बली विशुनपुरा गांव में पूर्व मुखिया महेश सिंह के आवासीय परिसर में रमजान में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। जजौली पूर्व मुखिया महेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश और दुनिया में अमन की दुआ मांगी। मौके पर रोजेदारों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम हिदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल होते हैं। सभी धर्म के लोग एक साथ मिल बैठकर भाईचारे का पैगाम देते हैं। मौके पर दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, उप मुखिया पंकज कुमार सिंह, शिक्षक नेता अरविंद चौहान समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने कहा ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है।



## नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हनुमान मंदिर वृंदावन कॉलोनी गोला बाजार सोनपुर में मंगलवार को यज्ञ स्थल से भारी संख्या में महिला,पुरुष श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ माथे पर कलश लेकर पहलेजाघाट गंगा नदी पर पहुंचे । जहां यज्ञ पुरोहितों पंडित यज्ञ नारायण मिश्रा के नेतृत्व में जलभरी कर पुनः गाजे बाजे के साथ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचा। आयोध्या से पधारें संत शिरोमणि 108 श्री स्वामी श्री राम कुमार दास जी महराज के नेतृत्व में 9 दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हो रहा है। आयोजन श्री हनुमान जी महाराज एवं मुस्कान विकास समिति वृंदावन कॉलोनी सोनपुर में प्रतिदिन वृंदावन धाम से पधारे गर्भाचार्य जी महाराज द्वारा 5 से 9:00 बजे तक प्रतिदिन प्रवचन होगा । यज्ञ पूर्णाहुति 17 अप्रैल 24 को हवन एवं भंडारा होगा।



## रामनवमी को लेकर अमनौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना परिसर में रामनवमी को लेकर थानाध्यक्ष पिंटू कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व ,महावीरी झंडा जुलूस तथा डॉ़भीमराव अंबेडकर जयंती पर जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकालने पर विचार विमर्श किया गया. बैठक में बीडीओ मंजुल मनोहर मधुप ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आचारसंहिता के मद्देनजर रामनवमी ,महावीरी झंडा जुलूस तथा डॉ़भीमराव अंबेडकर जयंती पर सभा व जुलूस के लिए प्रशासन से अनुमति लेना होगा वहीं वैसे कार्यक्रम में डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा.प्रशासन द्वारा दिये गये गाइडलाइंस नहीं मानने तथा किसी प्रकार की विवाद उत्पन्न होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. वहीं थानाध्यक्ष पिंटू कुमार ने बताया कि किसी भी तरह के अफवाहों से बचने की जरूरत है.सभी गतिविधियों का प्रशासन द्वारा विडियोग्राफी कराया जायेगा.पुलिस असमाजिक तत्वों पर नजर बनाए हुए हैं.गड़बड़ी व वाधा उत्पन्न करनेवाले की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी.हालांकि बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को बताया कि यहां सभी त्योहारों पर सभी लोग आपसी भाइचारे व सौहार्दपूर्ण तरिके से सहयोग करते है.उक्त मौके पर मुख्य रूप से मुखिया श्यामसुंदर गिरी, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप साह, सरपंच रणधीर कुमार, भरत राय, पूर्व मुखिया विजय कुमार विधार्थी, कुलदीप महासेठ, बीडीसी प्रतिनिधि पिंटू तिवारी,लालबाबु राय, मयंक कुमार सिंह, नवीन पुरी, ललन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह रामप्रवेश प्रसाद, लाल महम्मद,महम्मद इशा, देवेंद्र शर्मा, अर्जुन राम, पंडित बीरेंद्र तिवारी, मुन्ना चौहान, अंकित कुशवाहा, सिद्धु कुमार, आकाश कुमार, प्रवीण कुमार, बबलू कुमार, गौरव सिंह, नीरज राय आदि दर्जनों बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे।

## ग्रामीणों के सहयोग से भटगाई में निजी विद्यालय का हुआ उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के भटगाई गांव में मंगलवार को शुकदेव प्रसाद विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पूज्य मधुकर जी महाराज के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह विद्यालय 1985 में स्थापित किया गया था 2008 के बाद अन्य कारणों से विद्यालय थोड़ा सुस्त अवस्था में चला गया और 2016 से 23 तक विद्यालय लगभग बंद था। पूरे ग्रामीणों के बैठक के पश्चात शिक्षक संजीव कुमार चौबे उर्फ गुड्डू चौबे के द्वारा यह विद्यालय पुनः दोबारा निर्मित कराकर संचालित किया जा रहा है। यह विद्यालय शांत वातावरण में सभी आधुनिक सुविधाओं से पूर्ण है। पूरे ग्रामीणों का मत था कि यह विद्यालय अपने क्षेत्र का एक श्रेष्ठ विद्यालय स्थापित हो इस प्रकार हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में गांव से और आसपास के क्षेत्र से अविभावक एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित हुए। मुख्य रूप से विद्यालय के अध्यक्ष कृष्णा सिंह ( पैक्स अध्यक्ष ) सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, पूर्व मुखिया रवि सिंह, अरूण सिह, नारायणपुर मुखिया अमित कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी बिट्टू सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि राहुल सिंह, मुकेश सिंह, डॉ चंद्र रंजन सिंह, कुमार संजीव रंजन उर्फ राजा सिंह, अधिवक्ता हरिनारायण सिह, संतोष कुमार सिंह, राणा सिह, दिलीप सिह, समिति प्रतिनिधि बिरेन्द्र राम, नन्दकिशोर सिह, चन्देश्वर सिह, शिक्षक शौकत अली, परवेज आलम, ब्रिजबिहारी सिह, नितेश सनातनी, समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीविका समूह के महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को उनके मत के अधिकार के महत्व के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शैलपुत्री जीविका महिला संकुल संघ भरपुरा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस मतदाता जागरूकता रैली में जीविका समूह दीदियों द्वारा एकजुट होकर अपना मत, अपना अधिकार, पहले मतदान फिर दूसरा काम के संकल्प को लेकर हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लेकर क्षेत्र के भृमण करते हुए ग्रामीणों को जागरुक करते हुए सभी जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं ने शैलपुत्री जीविका महिला संकुल संघ कार्यालय पहुंची । जहां सभी महिलाओं को शपथ दिलाते हुए यह भी बताया गया कि पहले मतदान फिर दूसरा काम करे । घर के आसपास टोला मोहल्ले में मतदाताओं को भी जागरूक करने की बात कही गई । इस मौके पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक अंकु प्रिया ने मंगलवार को कहि कि मतदान करना हर किसी का अपना अधिकार होता है ।मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। आपका एकमत से बेहतर जनप्रतिनिधि व सरकार चुनी जाती है इसलिए आप या आपके परिवार या आपके आसपास के लोगों को मतदान जरूर करने के लिए प्रेरित करें । वही सामुदायिक समन्वयक संतोष कुमार ने सभी महिलाओं को बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर किसी को मतदान करने की जरूरत है। जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास के लेकर हर किसी को मतदान करने की जरूरत है। तभी आपके क्षेत्र का विकास होगा । सभी मतदाता भयमुक्त वातावरण में अपना मत जरूर दें और को देने के लिए प्रेरित करें। आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करे । यह जिम्मेदारी जीविका समूह के महिलाओं को भी है । सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवे चरण में मतदान तिथि 20 में को होना है । इस मौके पर जीविका के सामुदायिक समन्वयक कृष्णा चौधरी ,रमाकांत कुमार एवं शैलपुत्री जीविका महिला संकुल संघ के सभी महिलाएं मौजूद रही ।





## श्रद्धा पूर्वक चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना किया

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** चैत नवरात्रा के लेकर सोनपुर प्रखंड के हरिहरनाथ मंदिर, काली मंदिर, नौलखा मंदिर ,गौडीशंकर मंदिर भरपुरा सहित मंदिरों एवं घरों में भक्तों ने पहलेजा घाट और नारायणी नदी में स्नान कर पवित्र गंगाजल लेकर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन विधि विधान के साथ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्र के लेकर मंदिरों एवं घरों में भजन कीर्तन एवं भक्ति गीत के गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बन गया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर पूर्ण आस्था और श्रद्धा भाव से माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर घर में सुख शांति समृद्धि की कामना भक्तों ने किया। हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री ने मंगलवार को बताया कि चैत्र नवरात्र में माता दुर्गा का आगमन घोड़ा पर है जो शुभ नहीं है। जबकि प्रस्थान हाथी पर हो रहा है जो शुभ फल देने वाला है । अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार सनातन धर्म के हिंदू नव वर्ष का आगाज चैत महीने के प्रतिपदा से ही शुरू होता है। वहीं बुधवार के दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी।

## दहेज में नगदी की मांग पर विवाहिता को घर से निकाला

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के पदमौल गाँव निवासी राजेश मांझी की पत्नी सुनीता देवी ने थाना पुलिस को दिए आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। विवाहित ने बताया कि उसके पति, सास, ससुर , ननद और देवर दहेज मे दो लाख रुपया एवं सोने के जेवरात आदि अन्य सामान की मांग करते हैं और मुझे प्रतिदिन मारपीट करते है । प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित विवाहित का नैहर गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सफीयाबाद सिसई हैं और शादी 30 नवम्बर 20 को हिन्दू रीति रिवाज से मशरक थाना क्षेत्र के पदमौल गाँव के श्री मांझी के पुत्र राजेश मांझी से हुई हैं। शादी के बाद ही विवाहित को प्रताड़ित किया जाता रहा है।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत सीएचसी में कैंप आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सीएचसी मशरक में महिला चिकित्सक डॉ कविता सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत कैंप आयोजित किया गया। इस मौके पर डा.कविता सिंह की ओर से लगभग 70 स्त्रियों का चेकअप किया गया। डॉ कविता सिंह ने बताया कि गर्भवती औरतों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। उन्हें गर्भावस्था दौरान कम से कम चार बार डाक्टर से चेकअप करवाना चाहिए। समय-समय पर टीकाकरण भी करवाना चाहिए ताकि जच्चा बच्चा स्वस्थ हो सके। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती औरतों का मुफ्त इलाज होता है तथा उनके सारे टेस्ट भी फ्री में किए जाते हैं व दवाइयां भी अस्पताल से दी जाती है। गर्भवती औरतों को चाहिए कि वे अपने खान-पान का भी ध्यान रखें। इस मौके पर चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने कहा कि नव जन्मे बच्चे की विशेष देखभाल की जरूरत होती है। वहीं चमकी बुखार को लेकर सभी को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जहां तक संभव हो मां को अपने बच्चे को दूध पिलाना चाहिए क्योंकि मां के दूध में पौष्टिक तत्व होते हैं। अपने बच्चे को सरकारी अस्पताल में समय-समय पर टीकाकरण भी करवाना चाहिए ताकि बच्चा विभिन्न बीमारियों से बचा रह सके।

## नव वर्ष के साथ ही वासंतिक नवरात्र प्रारंभ, भक्तिमय हुआ माहौल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** चैती नवरात्र व रामनवमी पूजा को लेकर मशरक के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना से वातावरण भक्तिमय हो गया है। मशरक बाजार स्थित सिदधात्री मंदिर के प्रांगण में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। मंदिर परिसर में पूजा के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गयी। मंदिर में सुबह में पूजा अर्चना को लेकर एवं शाम में दीप जलाने के लिए भक्त आ रहे हैं। वहीं रामनवमी को लेकर भी महावीर मंदिरों में तैयारी जोर-शोर से चल रही है पर इस रामनवमी महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर में सिर्फ पूजा-अर्चना आयोजित की जाएंगी। वहीं शोभायात्रा नहीं निकाली जाएंगी। सिदधात्री मंदिर में पूजा करा रहे पुजारी उपेन्द्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में चैती नवरात्र हर साल मनाया जाता है। यह मंदिर अलौकिक शक्ति के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रत्येक वर्ष चैती नवरात्र के पावन अवसर पर पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा भाव से माता दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है।

## बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने आधा दर्जन लोगों को मारी टक्कर, तीन बाइक क्षतिग्रस्त, दो लोग रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में अनियंत्रित ट्रक चालक ने एक बाइक में टक्कर मार दी और बाइक को ट्रक के नीचे फसे हालत में ही लेकर ट्रक डुमरसन की तरफ भगाने लगा। भगाने के क्रम में ट्रक की चपेट में आने से दो और बाइक आ गयी जो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से आधा दर्जन शख्स घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उनकी पहचान मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा काली स्थान 60 वर्षीय रामायण महंतों, 35 वर्षीय बाबू दिन मियां, कर्ण कुदरिया गांव निवासी 50 वर्षीय पुत्र बबलू सिंह और गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेश सहनी, 24 वर्षीय मनु चंचल, 40 वर्षीय अमरजीत प्रसाद के रुप में हुई । मौके पर थाना पुलिस गश्ती ने भाग रहें ट्रक को डुमरसन बाजार में अपने कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में ले मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दिया। चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने दो की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

# दो गांवो में निकली विशाल कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

## नौ दिवसीय महायज्ञ के लिए गंगा पूजन के साथ यज्ञ शुरू

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)**. गुठनी थाना क्षेत्र के मैरीटार और मिश्रौली गांव में मंगलवार की सुबह विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा में आगे आगे हाथी घोड़े और ढोल नगाड़े बज रहे थे। वही पीछे पीछे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ चल रही थी। उनके द्वारा जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मिश्रौली से निकली कलश यात्रा तेनुआ, गुठनी चौराहा, गुठनी बाजार, योगियाडीह, हनुमानगंज, बलुआ होकर सीधे ग्यासपुर गांव के सरयू नदी किनारे पहुंचा। जहां वाराणसी से पहुंचे वैदिक विद्वानों द्वारा गंगा आरती पूजन और हवन के बाद पुनः मिश्रौली स्थित यज्ञशाला पर जाकर समाप्त हुई। वहीं मैरीटार गांव से निकली कलश यात्रा में भी हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यज्ञ समिति की माने तो 9 दिवसीय इस महायज्ञ में वृंदावन से आए रासमंडली द्वारा रामलीला और कृष्णलीला आयोजित होगी। वहीं सायं काल में प्रवचनकर्ता द्वारा भक्तिमय प्रवचन भी किया जाएगा। इस दौरान मौके पर बैकुंठ दुबे, उदय प्रताप सिंह, विंध्याचल सिंह, रामजी सिंह, बैकुंठ दुबे, चंद्रशेखर राय, धर्मनाथ, सिंह समेत हजारों लोग मौजूद थे।

# मशरक के हरपुरजान सुंदर गांव में फूसनुमा पलानी में लगीं आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के हरपुरजान सुंदर गांव में फूसनुमा पलानी में खाना बनाने के बाद उड़ी चिंगारी से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और फूसनुमा पलानी को जलाकर राख कर दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड पीड़ित मकसूद आलम पिता फूल मोहम्मद हैं। घटना के बारे में बताया गया है खाना बनाने के बाद रात में अचानक आग लग गई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया मौके पर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाना चाहा पर आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई मौके पर पानापुर, मशरक की फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग ने फूसनुमा पलानी समेत खाने पीने का सामान, कपड़ा, बिछावन समेत अन्य सामान जलाकर राख कर दिया।

# मांझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** रामनवमी एवम ईद पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से मंगलवार को माँझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हो गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल लोगों ने अलग अलग गाँवों तथा हाट बाजार पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी तथा अमन चैन बहाल रखने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि माँझी के सभी ईदगाह अथवा नमाज स्थलों पर दस अप्रैल की रात से ही पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ समुचित पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामनवमी जुलूस के आगे तथा पीछे पुलिस पदाधिकारियों के अलावा समुचित पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रामनवमी जुलूस के आयोजक पुलिस से समन्वय बनाकर जुलूस का संचालन करेंगे। थानाध्यक्ष ने लोगों से अफवाह से सावधान रहने तथा डीजे से परहेज रखने की अपील की। बैठक में उमाशंकर ओझा,अख्तर अली,विनय यादव,साधु दुबे,मंजूर अली खान,कृष्णा सिंह पहलवान,मुन्ना साह ।मुखिया। हसनुद्दीन खान एवम एएसआई नसीम खान आदि बड़ी संख्या में गणमान्य शामिल थे।

# दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन




**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय, महामदा में दीक्षांत सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। श्रीमती सोनी कुमारी, प्राचार्य, उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा स्वागत अभिभाषण दिया गया। उन्होंने अपने उदबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विधालय में प्रतिदिन उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान करके किया गया। इस दीक्षांत समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पुरस्कृत छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर उदय शंकर ओझा, अंग्रेजी विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय उपस्थित थे। उन्होंने अपने अभिभाषण में छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन सुश्री रिचा कुमारी शिक्षिका गणित द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्री मनोज कुमार, प्राचार्य,मध्य विद्यालय द्वारा किया गया।

# आग लगने से करीब एक बीघा की फसल जलकर नष्ट

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के बरवा नंदलाल सिंह के टोला के बधार में खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से करीब एक बीघा की फसल जलकर नष्ट हो गई। हालाकि स्थानीय लोगों एवम् किसानों की तत्परता तथा तत्काल मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी की सहायता से बड़ा नुकसान होने से बच गया। पीड़ित किसान राधेश्याम सिंह ने इस संबंध में दाउदपुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है की किसी अनजान व्यक्ति द्वारा बीड़ी या माचिस की वजह से लगी आग से करीब 17 कट्ठा की गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई है। जिससे किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। किसान ने प्रशासन से जांच कर दोषी के खिलाफ कारवाई के साथ नुकसान के मुआवजे की मांग की है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## खैरा में ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** खैरा थाना परिसर में मंगलवार को ईद व रामनवमी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक की गई.जिसकी अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार व खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने संयुक्त रूप से की.बैठक में क्षेत्र के सभी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए तथा त्योहार हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया.वहीं सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं व मौजूद सदस्यों ने आचार संहिता के सरकार द्वारा जारी नियमों के तहत मनाने का निर्णय लिया गया.वहीं थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने कहा कि ईद व रामनवमी त्योहार के दौरान शांति बनाए रखना है.वहीं इस अवसर पर अनिला कुमार सिंह,मश्कुर खान ,मो. कमरूजमा ,जमाल हैदर खान, सुरेश राय, मुकेश राय ,योगेंद्र सिंह, अर्जुन मांझी ,सद्दाम हुसैन, भीष्म राय ,चंदन साह, रमेश कुमार राय , अमरेंद्र प्रसाद ,गणेश साह ,दयानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सोनपुर डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोक सभा आम चुनाव के निमित्त मतदान कर्मियों के पार्टी मिलान और इवीएम डिस्पैच की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए । इस बात का खास ख्याल रखें कि कर्मियों को किसी किस्म की कोई परेशानी नहीं हो। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को डिस्पैच केंद्रों पर तैयारी का मुआयना करते हुए कहीं।उन्होंने सोनपुर पहुँच कर सोनपुर मेला स्थित रेल ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अनकमीशंड इवीएम के भंडारण, कमिशनिंग की जगह, डिस्पैच काउंटर का स्थान, वाहन लगाने की जगह, ट्रैफिक व्यवस्था, लॉ ऐंड ऑर्डर नियंत्रण, सुरक्षा बल के ठहराव आदि का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सोनपुर रेल डिविजन के डीसीएम अमृतेश कुमार, डीइएन मुख्यालय रवीन्द्र कुमार राज, एडीएमई आशीष



कुमार, एईएन लैंड हरगोविंद राय से वार्ता की। डीएम समीर ने कहा कि कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या होनी चाहिए। पार्टी मिलान, इवीएम प्राप्ति और वाहन की उपलब्धता की अचूक व्यवस्था रहनी चाहिए।निरीक्षण में उपस्थित एसपी डॉ0 गौरव मंगला ने सुरक्षा और ट्रैफिक के दृष्टिकोण से संबंधित अधिकारियों को विस्तार से निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी प्रियंका रानी, नगर आयुक्त सुमित कुमार, सोनपुर एसडीएम कुमार निशांत विवेक, , निदेशक डीआरडीए कैयूम अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, कोषागार पदाधिकारी कुमार विजय प्रताप सिंह, एसडीओ भवन निर्माण श्रीराम पासवान, एसडीपीओ सोनपुर नवल किशोर, डीसीएलआर सोनपुर रश्मि कुमारी, बीडीओ ओरमा मोदी , सीओ आदिति श्रुति, थानाध्यक्ष राजनंदन, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष सवर्ण प्रिया आदि शामिल थे।

## मशरक के हरपुरजान सुंदर गांव में फूसनुमा पलानी में लगीं आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के हरपुरजान सुंदर गांव में फूसनुमा पलानी में खाना बनाने के बाद उड़ी चिंगारी से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और फूसनुमा पलानी को जलाकर राख कर दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड पीड़ित मकसूद आलम पिता फूल मोहम्मद हैं। घटना के बारे में बताया गया है खाना बनाने के बाद रात में अचानक आग लग गई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया मौके पर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाना चाहा पर आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई मौके पर पानापुर, मशरक की फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग ने फूसनुमा पलानी समेत खाने पीने का सामान, कपड़ा, बिछावन समेत अन्य सामान जलाकर राख कर दिया।

# राहुल सांकृत्यायन की जेपीविवि में समारोहपूर्वक मनाई गई जयंती

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** मंगलवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय में महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया गया। राहुल सांकृत्यायन के छपरा में प्रवास के साथ उनके सारण से जुड़ाव को भी वक्ताओं ने स्पष्ट किया।

इससे पहले समारोह का विधिवत उद्घाटन कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार, विश्वविद्यालय राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ लालबाबू यादव, हिंदी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुधा बाला तथा विश्वविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अनिता ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया। विषय प्रवर्तन डॉ सिद्धार्थ शंकर ने किया, जबकि आगत अतिथियों का स्वागत डॉ अनिता ने किया।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ लालबाबू यादव ने राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखित पुस्तकों को उद्धृत करते हुए उनके विचारों से सरल शब्दों में रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि राहुल सांकृत्यायन छपरा के नगरपालिका चौक के पास रहा करते थे। वे राजेंद्र कॉलेज के शासी निकाय के सदस्य भी रहे। उन्हीं के कार्यकाल में राजेंद्र कॉलेज में लब्धप्रतिष्ठ विद्वान मनोरंजन प्रसाद सिन्हा को राजेन्द्र कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया गया था। उन्होंने उनकी विचारधारा को स्पष्ट करते हुए कहा कि राहुल सांकृत्यायन पहले सनातनी ब्राह्मण थे, फिर उनका झुकाव वामपंथ की ओर हुआ, उसके बाद उन्हें साम्यवाद पसंद आने लगा। सारण जिले के परसागढ़ में उन्होंने मठ में भी काम किया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलसचिव प्रो रणजीत कुमार ने राहुल सांकृत्यायन के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि वे एक भविष्यद्रष्टा भी थे। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान था तथा समाज की भरपूर समझ थी जिस कारण उन्होंने समाज की विसंगतियों पर भी कई कालजयी रचनाएं लिखीं। इस अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर आनेवाले प्रतिभागियों को कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार ने पुरस्कृत किया।इस अवसर पर साइंस डीन प्रो. अशोक कुमार, सोशल साइंस डीन डॉ अनिल कुमार सिंह, विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के डॉ सुधीर कुमार सिंह, डॉ सैयद रजा, हिंदी विभाग के डॉ अजय कुमार, राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ विभु कुमार, अंग्रेजी विभाग के डॉ उदयशंकर ओझा सहित अन्य विभागों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

# बैंड बाजे व घोड़े के साथ निकाली गई स्वर्वेद यात्रा, शामिल हुए सैकड़ों नर-नारी

**दैनिकखोजखबर/भेल्दी(सारण)।**ब्रम्ह विद्या विहंगम योग संस्थान के प्रणेता महर्षि सद्गुरू सदाफलदेव जी महाराज के निर्देश पर मोहरमपुर में मंगलवार को नव वर्ष के उपलक्ष में स्वर्वेद यात्रा का भब्य आयोजन किया गया।बैंड बाजे व घोड़े के साथ निकाली गई भब्य स्वर्वेद यात्रा में जिले के विभिन्न गांवों से सैकड़ों नर-नारियों ने भाग लिया।यह यात्रा जलाल बसंत पंचायत के मोहरमपुर पैक्स गोदाम से शुरू बंगारी,जगदीशपुर,नारायणपुर,रहमपुर होते हुए पुनः मोहरमपुर पैक्स गोदाम के पास पहुंची जहां प्रो नंदकुमार यादव के आवास पर लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।सारण जिले के उपदेष्टा शशिभूषण मिश्र ने कहा कि



नव वर्ष के शुभ अवसर पर पूरे विश्व में अमन चैन व शांति के लिए जो कार्यक्रम चल रहा है यह स्वर्वेद यात्रा है।इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक यह संदेश दिया जाता है कि हम सभी अमन चैन आपसी सहयोग,प्रेम व सौहार्द से रहें।इस स्वर्वेद यात्रा स्वर्वेद यात्रा में मुख्य रूप से सारण जिले के उपदेष्टा शशिभूषण मिश्र,प्राचार्य अर्जुन प्रसाद यादव,प्रो नंदकुमार यादव,भुवनेश्वर सिंह,ब्रजमोहन सिंह,ब्रम्हानंद सिंह,उदय प्रताप प्रसाद,डा.कृष्णा प्रसाद,रवि कुमार,राजेश कुमार,सुनील कुमार,रविन्द्र राय,प्रिंस कुमार आदि शामिल थे।

# रसौली दुर्गा मंदिर स्थान परिसर में शत चंडी महापूजा को लेकर निकली कलशयात्रा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** पानापुर थाना क्षेत्र के रसौली दुर्गा मंदिर परिसर में शत चंडी महा पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा आचार्य उमा शंकर तिवारी , हेमंत तिवारी की मौजूदगी में यजमान प्रो हरनारायण सिंह और धर्मपत्नी गायत्री देवी, वीरेंद्र सिंह,रेणु देवी, मुकेश सिंह, शिम्पी देवी, अरुण सिंह, नेहा देवी की संयुक्त मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर निकाला गया। जिसमें सैकड़ों पीला वस्त्र धारण किए कन्याओं और महिलाओं ने कलश लेकर मंदिर परिसर से गांव का भ्रमण करते हुए सारंगपुर के गंडक नदी के घाट पर पहुंची जहा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में पवित्र जल बोझी किया गया। कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर में पहुंची जहा विधिवत पूजा अर्चना शुरू की गयी। जिसका समापन 18 अप्रैल को किया जाएगा। मौके पर वाचस्पति तिवारी, बैजनाथ सिंह, प्रभुनाथ तिवारी, राज कुमार सिंह, अभिनंदन तिवारी समेत प्रभु साह, अजीत साह, जितेंद्र महतो,कृष्ण राय, मदीना साह, घनश्याम सिंह, दिनेश साह, बीरबल मिश्रा, देवेंद्र बाबा, अर्जुन तिवारी, मोबाइल सिंह, सोनू सिंह, राजेंद्र तिवारी, जगदिश राय, संजय सिंह, संतोष सिंह,अनीश सिंह, राम अयोध्या राय, राहुल राय मौजूद रहें।

## मटियार में भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** माँझी प्रखण्ड में मटियार गांव में मंगलवार को माँ शीतला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए हाथी घोड़े से सुसज्जित भव्य कलश यात्रा निकाली गई। उक्त कलश यात्रा मटियार से रनपट्टी होते हुए माँ काली माता स्थान होकर मटियार सरयू घाट पहुंची जहां जहां विधिवत मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरी की गई। यज्ञ में हरेंद्र प्रसाद सोनार के साथ घनश्याम गिरी भोला सिंह रूपेश सिंह मंजेश पाठक मृत्युंजय सिंह, संजय सोनी विमल शर्मा सहित भारी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे। मां शीतला का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 15 अप्रैल को होगा व 17 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा।

# ई किसान भवन में शान्ति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)।** गुठनी प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में मंगलवार की दोपहर ईद और चैत्र नवरात्र को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ने किया। इस दौरान बीडीओ ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की भ्रामक सूचना और हुड़दंग मचाने शख्त कारवाई होगी। जुलूस और अन्य किसी भी आयोजन से पहले स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेना आवश्यक है। जिसके बाद ही कोई आयोजन किया जा सकता है। ऐसा न करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने मौजूद लोगों से पुलिस और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। उनका कहना था कि मिलजुल कर ही सभी पर्व और त्योहारों को मनाया जा सकता है। उन्होंने मौजूद जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से कहा की किसी भी तरह की सूचना पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। वही थाना क्षेत्र में ईद और चैत्र नवरात्र को लेकर भ्रामक खबर फैलाने वालों और सामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनका स्पष्ट कहना था कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई भी करेगी। मौके पर कमोद नारायण प्रसाद सिंह, दिलीप गुप्ता, पप्पू शुक्ला, हरिश्चंद्र जायसवाल, गुलाम रसूल, अजय दुबे, नीतीश कुशवाहा, अरविंद यादव, रविंद्र पासवान मौजूद थे।

# योगियां हाईस्कूल से बांसफोर समुदाय से पहली बार 11 वीं पास अंजली पुरस्कृत होते ही हुई भावुक

**दैनिक खोज खबर /रसूलपुर(एकमा)।** छात्रों को समारोहपूर्वक सम्मान वितरण मंगलवार को असहनी पंचायत स्थित आर एन हाईस्कूल योगियां में प्रधानाचार्य लाल बाबू यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। 10 वीं के टॉपर सलोनी कुमारी ( 444) ,झूम्पी (429) ,रागिनी कुमारी( 387),सोनाक्षी (387) के साथ 12 वीं के टॉपर नीतीन कुमार ,आदित्य कुमार, अलका कुमारी, व आयुष महतो के साथ नौवीं दसवीं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान बनाने वाले छात्राओं ने सम्मान पत्र पाकर




अपने अनुभव शेयर किया और अपने छात्र सहपाठियों को प्रेरित किया।योगियां गांव से पहली बार बांसफोर परिवार से 12 वीं कक्षा तक पहुंची अंजली कुमारी को सम्मान मिलते ही छात्र अभिभावक देर तक तालियां बजाते रहे।सम्मान पत्र वितरण को अभिभावकों ने सराहा।मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।शिक्षकों के अलावे अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।संचालन शिक्षक राकेश तिवारी ने किया।मौके पर अभिभावक अशोक प्रसाद वरिष्ठ शिक्षक कर्पुरी ठाकुर,उमेश पांडे,धर्मेंद्र तिवारी ,रामेश्वर गोप ,कुसुम ,अतुल ,नेहा ,अर्चना,विकास राजेश,बृजकिशोर,दीपक कुमार, अमरनाथ, विजय,श्यामबाबू ,दिनेश दूबे ,शिव कुमार आदि थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में अरियाव की टीम विजयी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** शीतलपुर पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय लगुनी के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला अरियाव क्रिकेट टीम और ताजपुर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। जिसमें अरियाव की टीम ने ताजपुर की टीम को नौ रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर ताजपुर की टीम ने पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अरियाव की टीम ने निर्धारित सोलह ओभर में कुल 168 रन बनाए जबकि जबाब में उतरी ताजपुर की टीम ने 159 रन बनाकर अलआउट हो गई। मैंन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार बिनोद यादव को दिया गया जबकि मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुन्ना यादव को दिया गया। राजद के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा तथा पंचायत के पूर्व सरपंच शंभूनाथ सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप से विजेता टीम के कप्तान आफताब अंसारी को शील्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर रामलगन यादव, जितेंद्र यादव, हरेंद्र यादव, रकाशंकर यादव, दीपक यादव, नीरज कुमार, छोटू कुमार सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# बच्चा पढ़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगाः सुनील गुप्ता

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** मिडिल स्कूल मोलनापुर में सोमवार को दीक्षांत समारोह सह प्रगति पत्रक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।प्रगति पत्रक मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि अभिभावक प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। मानव



के विकास के लिए शिक्षा काफी जरूरी है।बच्चा पढेगा तभी देश आगे बढ़ेगा।जब तक छात्र है तब तक शिक्षक है।अनपढ़ आदमी बच्चों को पढ़ने के लिए ज्यादा प्रेरित करता है।पत्रकार राजेश उपाध्याय ने कहा कि ज्ञान विज्ञान एवं प्रज्ञान के क्षेत्र में भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में है और भारतीय प्रतिभाएं विश्व को आलोकित कर रही है।बच्चों को आज सांस्कारिक शिक्षा देने की जरूरत है।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गुप्ता,शशिबाला कुमारी,शिक्षक जगदेव राम,शौकत अली,रूपा देवी,नजमा खातून,प्रीति मिश्रा,सलोनी यादव,सूरज कुमार उपस्थित थे।

# चैती छठ को लेकर मशरक नगर पंचायत ने चलाया छठ घाट की साफ-सफाई अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** चैती छठ को लेकर मशरक नगर पंचायत प्रशासन ने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों की सफाई अभियान शुरू की। मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह ने सतीवार तीर छठ घाट पर घाटों की सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के विभिन्न छठ घाटों की सफाई के लिए दिशा-निर्देश दिया गया है। नगर पंचायत चेयरमैन



सोहन महंतों ने बताया कि नगर पंचायत की टीम घाटों की व्यापक सफाई के लिए सभी तैयारियां पूरी करने में जुट गई है। हर घाट की सफाई के साथ चूना का छिड़काव किया जाएगा। नगर पंचायत के कई प्रमुख घाट व तालाब हैं, जहां छठ के दौरान अर्ध्य देने वालों की काफी भीड़ रहती है। उनको चिह्नित कर उनकी सफाई के लिए पहल शुरू कर दिया गया है। ताकि छठव्रतियों को अर्ध्य देने में समस्या न हो।